हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 19 जून 2024

11 गोरक्षा दल ने निर्जला एकादशी पर बेसहारा ...



12 भाजपाइयों ने वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई को किया नमन



## खबर संक्षेप

### 22 को मनाया जाएगा संत कबीर प्रकट दिवस

**भिवानी।** संत शिरोमणी करीब साहेब महाराज की 627वां प्रकट दिवस 22 जून को प्रात 10 बजे दादरी गेढ कबीर चौक ढाणा रोड गली नं. 5 स्थित कबीर धर्मशाला में संत कबीर वेलफेयर सोसायाटी द्वारा सोसायटी प्रधान बलबीर ईटकान की अध्यक्षता में बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी सोसायट के मीडिया प्रभारी शिव कुमार बोस व सचिव प्यारे लाल कायत ने संयुक्त रूप से बताया कि संत कबीर प्रकट दिवस को लेकर बैठक का आयोजन किया।

### किश्तियों की मरम्मत के लिए आवेदन आमंत्रित

**भिवानी।** उपायुक्त नरेश नरवाल ने बताया कि बाढ़ राहत कार्योंं में प्रयोग होने वाली छह किश्तियां जर्जर हालत में हैं। इन जर्जर हालत किश्तियों को ठीक करने के लिए आम व खासध् फर्म से इनको ठीक करने के लिए 26 जून तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। उनहोंने बताया कि इस कार्य को करने के इच्छुक व्यक्ति व फर्म 26 जून तक उपायुक्त कार्यालय के बाढ़ एवं सूखा राहत शाखा कमरा नंबर 165 में जमा करवाएं।

### 21 को लगने वाला रोजगार मेला स्थगित

**भिवानी।** आईटीआई के प्राचार्य ने बताया कि स्थानीय आईटीआई में 21 जून 2024 को रोजगार मेले का आयोजन किया जाना था। यह रोजगार मेला प्रशासनिक कारणों के चलते आगामी आदेश तक रद्द कर दिया गया है। रोजगार मेले की लगने की आगामी तिथि निर्धारित होने पर सूचना दे दी जाएगी।

### 12लाख की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस की सीआईए स्टाफ 2 भिवानी की टीम ने पंजाब के जिला पटियाला निवासी जितेंद्र से तोशाम में सामान दिलाने के नाम पर 12 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी को तोशाम से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। आरोपित की पहचान रमन कुमार पुत्र बलबीर निवासी वार्ड नंबर 1 जोगिंदर नगर जींद हाल निवासी एडवोकेट कॉलोनी चिक्का कैथल के रूप में हुई है। पुलिस जानकारी जुटा रही हैं।

# किरोड़ीमल पार्क का कायाकल्प होगा, दो करोड़ रुपये होंगे खर्च

## दुर्दिन का दौर खत्मः विक्टोरियां लाइटें जगमगाएंगी, अन्य सुविधाएं भी होंगी दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

करीब सौ साल पहले महात्मा गांधी, कई फिल्म हस्तियों की जनसभाओं का गवाह बने किरोड़ीमल पार्क के दुर्दिन का दौर खत्म होने वाला है। किरोड़ीमल पार्क के जीर्णोद्वार पर करीब दो करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। पार्क में विक्टोरिया लैम्प लगाई जाएगी। ताकि शहर की सुंदरता को चार चांद लगाए जा सके। इनके अलावा पार्क में घुमने के लिए पगडंडियां व हाई मास्ट लाइटों से पार्क जगमगाएगा। हालांकि अभी पार्क के जीर्णोद्वार का कार्य मुक्कमल नहीं हुआ है,लेकिन आधे से ज्यादा कार्य पूरा होने के बाद शहर की सुंदरता को चार चांद लग जाएंगे।

जानकारी के अनुसार शहर के बीचबीचों स्थित किरोड़ी मल पार्क पर नगरपरिषद करीब दो करोड़ रुपये खर्चने जा रही है। पार्क की चारदिवारी के साथ.साथ चारों तरफ पगडंडियां बनाई जा रही है। ताकि उक्त पगडंडियों पर लोग सुबह व शाम के वक्त घुम सकें।





**भिवानी।** किरोड़ीमल पार्क के निर्माण के दौरान पगडंडियां बनाते हुए और पार्क में बनाई बैठने के लिए छतरी। फोटो : हरिभूमि

इसी तरह पार्क की सुंदरता बढ़ाने के लिए फुव्वारा सिस्टम लगवाया जाएगा। ताकि शाम के वक्त फुव्वारें को चलाकर पार्क की हरियाली को चार चांद लग जाएंगे। इसी तरह पार्क में छोटे मोटे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक स्टेज भी तैयार होगी।

**पगडंडियों के साथ हाई मास्ट लाइटें लगेंगी :** किरोड़ीमल पार्क में पगडंडियों के साथ विक्टोरिया लैम्प लगाए जाएंगे। पार्क के बीच में भी विक्टोरिया लैम्प लगाए जाएंगे,ताकि पार्क की सुंदरता को बढ़ाया जा सके। पगडंडियों के साथ हाई मास्ट लाइटें भी लगाई जाएगी। पगडंडियों के साथ में सीमेंट की कुर्सियां भी स्थापित होंगी। ताकि व्यायाम के दौरान अगर कोई व्यक्ति बैठना या आराम करना चाहे तो कर सकता है। फिलहाल पार्क का आधे से ज्यादा कार्य पूरा हो चुका है। अगर विकास कार्य इसी गति से चले तो जल्द ही शहर के लोगों को किरोडीमल पार्क की सौगात मिल सकती है।

### 1920 में गांधी जी ने की थी जनसभा

करीब सौ-सवा सौ साल पहले बने किरोड़ी मल पार्क का जीर्णोद्धार के बाद नया जीवनदान मिल जाएगा। 1900 के आसपास उक्त पार्क का निर्माण लोहारी जाटू के किरोड़ीमल ने करवाया था। उस वक्त शहर में केवल यही पार्क था। सबसे पहले बने पार्क में ही राजनीतिक व अन्य तरह के कार्यक्रमों का आयोजन हुआ करते थे। 1920 में महात्मा गांधी ने इसी पार्क में जनसभा की थी। उसके बाद ज्वाहर लाल नेहरू, के अलावा अनेक फिल्मी हस्तियों के यहीं पर कार्यक्रमों का आयोजन हुआ था।

### शहर की बढ़ जाएगी सुंदरता :भवानी

नगरपरिषद की चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि किरोड़ीमल पार्क पर करीब दो करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। पूरे पार्क को नया लूक दिया जा रहा है। पहले कुछ तकनीकी अड़चने जरूर आई,लेकिन सभी को हल करने के बाद अब पार्क के जीर्णोद्धार कार्यो ने गति पकड़ी है। अगर इसी गति से कार्य चलता रहा तो बारिश के सीजन से पहले पार्क के जीर्णोद्धार का कार्य पूरा हो जाएगा।



# पर्यावरण प्रेमियों ने त्रिवेणियां रोपित कीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

■ पेड़ पौधे मौसम की स्थिति को वर्षा के अनुकूल बनाने में सहायक : लोकराम

गिगनाऊ में पौधरोपण अभियान के तहत पर्यावरण प्रहरी हवलदार लोकराम नेहरा ने तीन त्रिवेणी रोपित कर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण में पौधरोपण के महत्व से अवगत करवाया। नेहरा ने गांव नंगला में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान दर्जनों फलदार पौधें रोपित कर अनेक लोगों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। नेहरा ने कहा कि ग्लोबल वार्मिग्र दर में वृद्धि के लिए वनों की कटाई बड़ी समस्या बन गई है।

उन्होंने कहा कि वृक्ष तापमान को नियंत्रित करने एवं मौसम की स्थिति को वर्षा के अनुकूल बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, वे हवा से कार्बन डाइऑक्साइड लेते हैं, जिससे यह शुद्ध हो जाती है और ऑक्सीजन छोड़ते हैं, जो जीवन के निर्वाह के लिए आवश्यक है। इसके अलावा वृक्ष हमें लकड़ी, भोजन, ईंधन, कागज आदि प्रदान करते है, जो हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यही नहीं वृक्ष सभी प्रकार के जानवरों और पक्षियों का भी घर हैं। नेहरा ने कहा कि मानसून का मौसम आने वाला है, अब पौधरोपण के माध्यम से परिस्थिति तंत्र को बनाए रखने के लिए पहल करने का समय है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व सरपंच कुरड़ाराम बागोताया, मेंबर अर्जुन, ज्ञानी देवी, सुंदर, संतोष, मुन्नी, रामअवतार , सोमबीर, नमन, मनोज नेहरा, राज सिंह, सुनील, प्रवीण, सचिन आदि मौजूद रहे।

# डीसी ने बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं का दौरा कर ड्रेनों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

उपायुक्त नरेश नरवाल ने मंगलवार को कैंप कार्यालय में पीने के पानी की रिव्यू और बाढ़ नियंत्रण प्रबंधन बारे संबंधित अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी कार्य करवाएं उसका फोटो व वीडियो जरूरी बनावाएं और उस वीडियो क्लीप को उच्चाधिकारियों के साथ.साथ आमजन को भी शेयर करें ताकि पता चले सके कि यह कार्य पूरा हो चुका है।

बैठक के बाद डीसी नरवाल ने राजस्व, सिंचाई, जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ जिला में स्थित विभिन्न स्थानों से गुजर रही ड्रेनों, ट्रीटमेंट प्लांट तथा पानी निकासी प्वाइंटों पर स्थापित किए गए पम्प सेटों का





**भिवानी।** बाढ़ राहत योजनाओं और मनरेगा के तहत नहर की सफाई का निरीक्षण करते उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि किसानों व नगरवासियों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना ना करना पड़े ।

### 138 पम्पसेट किए स्थापित

उपायुक्त ने दादरी रोड स्थित भिवानी घग्घर ड्रेन व ट्रीटमेंट प्लांट बारे में जनस्वास्थ्य एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गंदे पानी के ट्रीटमेंट के दौरान ट्रीटमेंट सही तरीके से निर्धारित मापदंडों के अनुसार किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि पानी की निकासी के लिए 15 लिंक ड्रेन हैं। सभी ड्रेनों का लिंक भिवानी घग्घर ड्रेन से है। विभाग के 138 पम्प सैट हैं, जिनमें 91 इलैक्ट्रिक पंप, 47 डीजल पंप है। ये सभी पंप चालू हालत में हैं। डीसी ने जाटू लुहारी लोगों की शिकायतें सुनी और समाधान करवाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने अवैध कब्जे हटवाने, बीसी चौपाल के पास पड़ा कूडा कचरा व जलभराव को ठीक करवाने की मांग की। इस अवसर पर एसडीएम हरबीर सिंह, जिला राजस्व अधिकारी प्रदीप देशवाल, जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षण अभियंता केके गिल, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता नवीन आदि मौजूद रहे।

### बाबा कमाल झील के किनारे मिला व्यक्ति का शव, पुलिस जांच में जुटी

**बवानीखेड़ा।** कस्बा बवानी खेड़ा स्थित बाबा कमाल झील के किनारे एक व्यक्ति का शव मिलाए शव को आसपास के लोगों ने देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शिनाख्त में जुट गई। उल्लेखनीय है कि कस्बा की झील विरान है और यहां पर अंधेरा छाया रहता है। सुबह हांसी भिवानी मुख्य मार्ग के पास बनी दुकानों के पीछे लोगों ने देखा की झील के किनारे बने शैड के पास बने चबुतरे के समीप एक व्यक्ति का शव मौजूद है। जिसकी सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार अपने दलबल सहित मौके पर पहुंचे। वहीं मृतक के भतीजे अग्रोहा निवासी मनोज ने बताया कि उनका ताऊ बंसी बवानी खेड़ा में पिछले दो तीन सालों से रहकर कार्य करता था। उन्हें सुबह ही सूचना प्राप्त हुई। मृतक की पत्नीए तीन पुत्रियां व एक पुत्र बताया जाता है। दूसरी तरफ.थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि शव की पहचान हो गई है परिजनों के पहुंचने पश्चात उसके बाद शव का पोस्टमार्टम करवाकर कार्यवाही की जाएगी।

# जाटू लोहारी में पेयजल संकट खारे पानी की हो रही है सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार आमजन को किसी भी प्रकार की सुविधाएं मुहैया करवाने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। जिसके चलते आमजन के बीच मूलभूत सुविधाओं को लेकर हाहाकार मचा हुआ है।

पेयजल संकट इन दिनों कस्बा बवानीखेड़ा सहित प्रदेश भर में छाया हुआ है, जहां लोगों को पेयजल व बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी मारामारी झेलनी पड़ रही है। सबसे बुरी स्थिति



**भिवानी।** जलघर का निरीक्षण करते कांग्रेसी नेता जयसिंह वाल्मीकि।

गांव लोहारी जाटू में बनी है। जलघर में पानी न के बराबर बचा है। गांव में ट्यूबवेलों के खारे पानी की सप्लाई दी जा रही है। जो कि कई बीमारी गांव के लोगों को दे रहा है। यह बात वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयसिंह वाल्मीकि ने मंगलवार को गांव जाटु लोहारी जलघर का निरीक्षण करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद कस्बा बवानीखेड़ा सहित प्रदेश भर की जनता पेयजल व बिजली की समस्या को झेल रहा है तथा यह सब सरकार की आमजन के प्रति लापरवाह पूर्ण रवैय के चलते हुआ है। उन्होंने कहा कि नहर आए काफी दिन हो चुके है, लेकिन इसके बावजूद भी जलघरों के टैंक नहीं भरे गए, जिसके चलते आमजन को पेयजल नहीं मिल रहा।

# 8 साल से पेयजल संकट, नहीं हो रहा समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भीषण गर्मी में पेयजल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है तथा रोजाना विभिन्न कॉलोनियों के लोग सडक़ों पर उतरकर सरकार व विभाग तक अपनी पेयजल संबंधी समस्या पहुंचाने का प्रयास करते है, ताकि उस समस्या का जल्द से जल्द समाधान हो सकें।

इसी कड़ी में आंबेडकर युवा क्लब के प्रधान पवन मेहरा के नेतृत्व में गांव ढ़ाणी माहू के ग्रामीणों ने पेयजल संबंधी समस्या के समाधान की मांग को लेकर मंगलवार को जनस्वास्थ्य विभाग के एसईए भिवानी उपायुक्त नरेश नरवाल व भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौ. धर्मबीर सिंह को मांगपत्र सौंपकर जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करवाए जाने की गुहार लगाई है। इस



■ ढाणी माहु के ग्रामीणों ने एसई, डीसी व सांसद को मांगपत्र सौंप की पेयजल समस्या के समाधान की मांग की

**भिवानी।** पानी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपने जाते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

मौके पर आंबेडकर युवा क्लब के प्रधान पवन मेहरा ने बताया कि गांव ढ़ाणी माहू के वार्ड नंबर.11 में पेयजल सप्लाई की 3 इंच लाईन हैए जो कि हाई स्कूल से लेकर सीताराम शर्मा के घर तक है। जो कि पूर्ण रूप से खराब हो चुकी है। जिसके कारण उनके घरों तक पानी पहुंच ही नहीं पाता तथा उन्हे पेयजल के लिए दर.दर भटकना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान की मांग को लेकर उन्होंने वर्ष 2018 में भी एसई को अवगत करवाया था, उसके बाद वर्ष 2023 में एक बार फिर अवगत करवाया गया, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं निकला। मांगपत्र के माध्यम से ग्रामीणों ने मांग की कि उनके वार्ड में पानी की लाईन 3 इंच की बजाए 6 इंच की लगाई जाएए ताकि उन्हे पानी की परेशानी से छुटकारा मिल सकें। ग्रामीणों ने कहा कि करीबन 7 वषार्े से पेयजल की समस्या के समाधान की मांग को लेकर अधिकारियों के दरों की धूल फांककर ग्रामीण बुरी तरह से परेशान हो चुके है तथा यदि जल्द ही उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण सडक़ों पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर आशीष, दिनेश रोहित, सीतारा, अमर सिंह, सुरेंद्र, संदीप, कुनाल, रमेश, अनिता, मुन्नी, वजीर सिंह, कमलेश,सुधीर, सोनू, अनिता, कविता, सुनील कुमार, आकाश सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## गांव की बेटियों के लिए मिसाल पेश की

# गांव कासनी खुर्द की अंजू बनी एचसीएस, किया स्वागत

■ नौंवा स्थान हासिल कर बहल क्षेत्र का गौरव बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल

बहल क्षेत्र के कासनी खुर्द गांव की एचसीएस बनी अंजू भालोठिया का उसके गांव पहुंचने पर उसका स्वागत किया गया।

उपस्थितजनों ने कहा कि बेटी ने इस परीक्षा में सफलता हासिल कर गांव का नाम रोशन किया है



**बहल।** कासनी खुर्द गांव में एचसीएस बनी अंजू को सम्मानित करते ग्रामीण।

और गांव की बेटियों के लिए नजीर पेश की है। बहल की भालोठिया एकेडमी के संचालक महेन्द्र सिंह भालोठिया ने बताया कि उनके बड़े भाई सरपंच हवासिंह भालोठिया की पोती व सूबेदार मेजर रामफल सिंह भालोठिया की पुत्री अंजू शुरू से ही मेधावी रही है। एचसीएस परीक्षा में उसका हरियाणा में नौंवा स्थान रहा है जो कि बहल क्षेत्र जैसे ग्रामीण क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। ग्रामीणों ने अंजू का फूलमालाओं से स्वागत किया और उसे आशीर्वाद देते हुए कहा कि वो हमेशा इसी तरह से अपने कर्त्तव्य का पालन करती रहे और सफलता की ऊंचाइयों को छूती रहे।

**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर पूर्व सरपंच धनपत सिंहए उमेद सिंह पूनियाए सूबेदार मेजर दीवान सिंह पूनिया, हवलदार पृथ्वी सिंह, सूबेदार सतबीर सिंह भालोठिया, मा. जयसिंह, मा. राजकुमार, मा. रणधीर सिंह, आनंद भालोठिया, अजीत भांभू, हवलदार दयाल सिंह भांभू, सूबेदार बलवान सिंह भांभू, सतबीर भांभू, रूघबीर भांभू, कर्णसिंह, विजय, महाबीर सिंह, बेलदार महाबीर सिंह, सूबेदार रामप्रकाश, मनोज भांभू, रमेश भांभू, मीरसिंह भालोठिया, सूबेसिंह भालोठिया, रामबीर भालोठिया सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# पेयजल संकट से जूझ रहे गांव तिगड़ाना के ग्रामीणों ने एसई को सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

■ पुराने जलघर में धनाना नहर से पाइप लाइन दबवाने को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा मांगपत्र

जल को ही जीवन का आधार कहा जाता है, लेकिन इस भीषण गर्मी में गांव तिगड़ाना के ग्रामीण जीवन के आधार जल की बूंद-बूंद के लिए तरस रहे है, लेकिन विभाग के अधिकारी ग्रामीणों की इस समस्या की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे।

पेयजल की समस्या से परेशान गांव तिगड़ाना की पंचायत ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता को मांगपत्र सौंपकर पिछले लंबे समय से गहराई पेयजल समस्या का समाधान करने तथा पुराने जलघर में धनाना नहर से पाईप लाईन दबवाने की मांग की है। इस मौके पर सरपंच सुरेंद्र सिंह ने बताया कि गांव तिगड़ाना की आबादी करीबन 20 हजार है।

### दो साल से समस्या

इतनी बड़ी आबादी वाला गांव होने के बावजूद गांव तिगड़ाना मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। उन्होंने कहा कि उनके गांव में पुराने जलघर से पानी की सप्लाई की जाती है, लेकिन पुराना जलघर के टैंक सूखे ही पड़े रहते है। जिसके चलते ग्रामीण बूंद-बूंद को तरस गए है। उन्होंने कहा कि उनके गांव में करीबन 2 वर्षो से पेयजल की समस्या बनी हुई है। जिसके चलते प्रत्येक ग्रामीण परेशान है। मांगपत्र के माध्यम से ग्रामीणों ने मांग की कि पुराने जलघर में धनाना नहर से पाइप लाइन दबवाने की मांग की, ताकि पेयजल आपूर्ति की मांग को पूरा किया जा सकें। ग्राम पंचायत का कहना है कि पेयजल संकट के चलते अनेक प्रकार की समस्याएं उन्हें झेलनी पड़ती है।

हरिभूमि
# सहेली

कवर स्टोरी / डॉ. मोनिका शर्मा

इन दिनों हम भीषण गर्मी से बेहाल हैं। इसका असर तन पर ही नहीं मन पर भी पड़ता है। ऐसे में जहां तमाम तरह की शारीरिक समस्याएं पैदा होती हैं, वहीं बहुत सी मानसिक समस्याएं भी जन्म लेती हैं। लोग अकेलेपन का शिकार होकर अवसाद की ओर बढ़ते हैं। इस गरम-शुष्क मौसम में कुछ सामान्य बातें अमल में लाकर आसानी से स्वस्थ-प्रसन्न रह सकते हैं।



## बढ़ती तपिश जूझते मन को संभालिए

इन दिनों देश के कई हिस्सों में तेज धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों की परेशानी बढ़ा रखी है। स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियां हर आयुवर्ग के लोगों को घेर रही हैं। हम जानते हैं कि अत्यधिक तपिश का मौसम तन ही नहीं, मन से जुड़ी कई स्वास्थ्य समस्याएं भी साथ लाता है। बढ़ती तपिश तनाव का अहम कारण बनती है। शरीर डिहाइड्रेशन और मन थकान की शुष्कता से जूझता है। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि तेज तापमान के साइड-इफेक्ट्स की सूची में मन की मायूसी भी शामिल है। गर्मियों में लोग अवसाद और अकेलेपन के भी शिकार हो जाते हैं, जिसे 'समरटाइम ब्लूज' कहा जाता है। लंबे दिन, बढ़ती गर्मी और उमस के चलते भूख न लगना, अनिद्रा और बेचैनी जैसी समस्याएं भी घेर लेती हैं। बच्चे हों या बड़े, समर फटीग या गर्मियों में होने वाली शारीरिक थकान का शिकार हो सकते हैं।



### मन से जुड़ा मौसम

हमारा पर्यावरण हमारे मन के स्वास्थ्य से भी गहराई से जुड़ा होता है। यही वजह है कि जलवायु परिवर्तन को संभावित रूप से सदी का सबसे बड़ा वैश्विक स्वास्थ्य खतरा तक माना जा रहा है। परिवेश में बढ़ती तपिश से आक्रामकता और हिंसक आत्महत्याओं की दर में वृद्धि होने की संभावना होती है। इतना ही नहीं जलवायु परिवर्तन की चरम मौसमी स्थितियां, रोजगार छूटने का भी कारण बनती हैं। बहुत से लोगों के लिए स्थानांतरित होने के हालात बन जाते हैं, जिसके कारण सामाजिक एकजुटता और सामुदायिक जुड़ाव के भाव पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। ऐसी सभी बातें इंसानी मन के स्वास्थ्य पर बहुत नकारात्मक असर डालती हैं। चरम मौसमी स्थितियां, मन में भविष्य से जुड़े भय और चिंताओं को भी बढ़ावा देती हैं। लैंसेट जर्नल में प्रकाशित मेटा-एनालिसिस के हालिया शोध में सामने आया है कि परिवेश का बाहरी तापमान मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है, जो विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में चिंताजनक है। इस विश्लेषण के मुताबिक बाहरी तेज तापमान और हीट वेव, आत्महत्या की घटनाओं को भी बढ़ावा देता है।

### मदद का भाव रखिए

तपते मौसम में हर इंसान का मन परेशान रहता है। ऐसे में घर, बाहर सड़क या दफ्तर, हर जगह थोड़ा सहज और सामंजस्य भरा बर्ताव रखिए। चाहे ट्रैफिक लाइट पर खड़े हों या दफ्तर में काम के दबाव से जूझने के हालातों में फंसे हों। स्वयं अपने और अपने आस-पास के लोगों के मन को पीड़ा देने वाला कोई काम ना करें। बात-बात में उग्र होने के बजाय, यह समझने की कोशिश कीजिए कि अगला इंसान भी गर्मी, पसीने और उमस की उसी तकलीफ को झेल रहा है। ऐसे में हर बात में जल्दबाजी करने के बजाय, इन दिनों थोड़े ठहराव से काम लीजिए। हमारी परंपरागत जीवनशैली में चरम मौसमी हालातों में इंसानों ही नहीं हर जीव के लिए दयालु भाव रखने की नसीहत शामिल है। पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने से लेकर प्याऊ लगवाने तक, कुछ ना कुछ सकारात्मक करने का प्रयास कीजिए। दूसरे प्राणियों का जीवन सहज करने के प्रयास खुद के मन को सुकून देने वाले साबित होते हैं। तपिश के मौसम में किए गए ऐसे मानवीय प्रयास आपके मन को भी टफ वेदर कंडीशंस को सहजता से झेलने की शक्ति देने वाले साबित होंगे।



### इमोशनल वेलनेस के प्रयास जरूरी

**विचारणीय है** कि बढ़ते पारे के मौसम में इमोशनल वेलनेस के लिए भी कुछ प्रयास आवश्यक हैं। मन को तीव्र गर्मी के नकारात्मक प्रभावों से बचाने के लिए दिनचर्या में सार्थक बदलाव मददगार साबित होते हैं। मन के मौसम को बेहतर रखने के लिए सुबह जल्दी उठकर योग-मेडिटेशन और हरियाली वाली खुली जगह पर सैर करना अच्छा होता है। ठंडी हवा में सुबह-सुबह किए गए व्यायाम और सैर, तनाव को दूर कर दिलो-दिमाग को ऊर्जावान बनाने में सबसे ज्यादा मददगार होते हैं। ताजा हवाएं, मन को सहज-शांति की अनुभूति करवाती हैं। सुबह की इस सक्रिय शुरुआत से तपिश के बावजूद दिनभर मन स्फूर्ति से लबरेज रहता है। खान-पान से लेकर रहन-सहन तक, गर्मी से बचाव के लिए परंपरागत तरीकों को प्राथमिकता देना बेहद जरूरी है। भारतीय जीवनशैली में तो हर मौसम से जूझने के तौर-तरीके मौजूद हैं। कुछ बातों का ध्यान रखते हुए इस गरम-शुष्क मौसम को भी शारीरिक रूप से स्वस्थ, सक्रिय और मानसिक मोर्चे पर स्फूर्ति और सुकून संग बिताया जा सकता है।



एटिकेट / शिखर चंद जैन

हम जब कभी भी अपनी पर्सनल या प्रोफेशनल लाइफ में किसी जरूरी डिस्कशन के लिए बैठें तो इसका विशेष ध्यान रखें, डिस्कशन सही ढंग से हो, ना कि बहस या विवाद होने लगे। इससे बचने के लिए पार्टिसिपेंट्स एक-दूसरे की राय को सम्मान दें, स्वयं भी अपनी राय विनम्रता से रखें।

## विवाद में ना बदलने दें अपना जरूरी डिस्कशन

सारंगी का लटका हुआ मुंह देखकर मीनाक्षी ने पूछ लिया, 'क्या हुआ किसी ने कुछ कह दिया क्या?' सारंगी मानो इसी बात का इंतजार कर रही थी, तुरंत बोली, 'तू ही बता क्या मैं तुझे झगड़ालू लगती हूं? आज हमें लैंडलॉर्ड के साथ डिस्प्यूट को निपटाने के लिए एक बैठक करनी थी। लेकिन पता है, मम्मी ने क्या कहा? उन्होंने कहा, सारंगी को मत लेकर जाना। मोनिका को साथ ले जाओ। सारंगी अपने शॉर्ट टेंपर्ड नेचर के कारण बात बिगाड़ देगी, मोनिका बिगड़ी बात को संभाल लेगी।'

मीनाक्षी समझ गई थी कि सारंगी को जटिल परिस्थितियों या किसी सीरियस डिस्कशन के दौरान सहज तरीके से बातचीत करने की आदत नहीं है। इसीलिए उसकी मम्मी ने ऐसा कहा होगा। पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में हमें अकसर बहुत से लोगों के साथ बैठकर बात करनी होती है। ऐसे में कई बार तल्ख माहौल भी बन जाता है। लेकिन समझदारी से काम लेकर किसी भी डिस्कशन को बहस और विवाद बनने से रोका जा सकता है ताकि मीटिंग सद्भावना से संपन्न हो। इसके रिजल्ट पॉजिटिव हों।

**खुद को ना मानें सुपीरियर:** किसी भी मीटिंग को ओवरटेक या डोमिनेट करने की कभी कोशिश ना करें, ना ही स्वयं को औरों से अलग और ऊपर समझें। किसी भी डिस्क्शन में सभी लोग बराबर के भागीदार होते हैं। डिस्क्शन के मूल लक्ष्य को केंद्रित करके हर कोई अपने विचार रख सकता है। अगर आपके मन में मीटिंग के एजेंडा से परे कोई विचार है तो उसे बाद में बोलें। आपके पास कुछ कहने को ना हो तो दूसरों को अपनी बात बेरोक-टोक बोलने दें, उनकी बातें गौर से सुनें।

**बातों को समझ कर रिएक्शन दें:** कई बार मीटिंग में मौजूद लोग आपके विचारों से बिल्कुल विपरीत राय रखते हैं। यह उनकी सोच है, उन्हें अपने विचार रखने का पूरा अधिकार है। अगर आपके पास उनकी बातों और तथ्यों के विपरीत ठोस तथ्य और तर्क हैं तो उन्हें सधे हुए शब्दों में विनम्रता से रख सकती हैं। साथ ही जो आपकी राय से सहमत हैं, उनका उल्लेख करके उन्हें थैंक्स बोलें। लेकिन किसी को डांट कर चुप कराना, शोर मचाना और अपशब्द बोलना मीटिंग के एटिकेट के खिलाफ होता है। इससे आपकी छवि धूमिल हो सकती है।

**मत के विरोध को अपना विरोध ना समझें:** हॉर्वर्ड बिजनेस रिव्यू के विशेषज्ञों का कहना है कि किसी बहस को सार्थक बनाने के लिए बहुत जरूरी है, पार्टिसिपेट करने वाले लोगों का इंटेलेक्चुअली विनम्र होना। इसका मतलब यह है कि किसी मीटिंग में हो रही बातों को कभी पर्सनली नहीं लेना चाहिए। अगर किसी बात से आप असहमत हैं तो भी उसका सम्मान करें। आपको लगे कि आप गलत हैं तो इसे स्वीकारें। अड़ना या बेवजह बहस करना उचित नहीं है।

**तनावपूर्ण माहौल को हल्का बनाएं:** कई बार कोई बहस इतनी जटिल और विरोधाभासी माहौल में होती है कि पार्टिसिपेंट्स में कहा-सुनी हो जाती है। ऐसे में आपको सूझ-बूझ से काम लेते हुए कोई ऐसी बात या किस्सा सुनाना चाहिए कि लोग बरबस ही हंसने पर मजबूर हो जाएं। माहौल को हल्का बनाने के लिए चाय-नाश्ते के बहाने एक ब्रेक भी लिया जा सकता है। इससे बहस-विवाद बंद हो जाएगा।

### हल सुलझाने पर दें जोर

लगातार काफी देर बाद भी बैठक किसी नतीजे पर न पहुंच पा रही हो तो सभी सदस्यों से विनम्र आग्रह करें कि हम सबने अपनी-अपनी राय रख दी है। बेहतर होगा कि अब हम सभी अपनी तरफ से स्थिति को सुलझाने के लिए हल सुझाएं और सामंजस्य बनाकर एक रास्ता निकालें, अपने काम में लग जाएं, उसे अच्छा से अच्छा अंजाम दें।



सजेशन
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

गर्मी के मौसम में पसीने की बैड स्मेल से बचने के लिए आप परफ्यूम जरूर यूज करती होंगी। अपने लिए परफ्यूम सेलेक्ट करते समय कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें।

## ऐसे करें सेलेक्ट परफेक्ट परफ्यूम

गर्मियों में पसीने की बदबू जहां हमारा मूड खराब कर देती है, वहीं वर्कप्लेस या लोगों के बीच इससे दूसरे लोग भी असहज महसूस करते हैं और कई बार हमें शर्मिंदगी झेलनी पड़ती है। हालांकि शरीर से पसीना आना प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन जब यह पसीना बैक्टीरिया से मिलता है, तो दुर्गंध पैदा होती है। पसीने को रोका नहीं जा सकता लेकिन सही डीओडरेंट या परफ्यूम के यूज से गंध को दूर किया जा सकता है। हालांकि कुछ लोग सुगंध वाले टैल्कम पावडर का भी यूज करते हैं। लेकिन पावडर पसीने को केवल सुखा देता है। इसलिए परफ्यूम ही बेटर ऑप्शन है। इसे सेलेक्ट करते समय कुछ बातों का ध्यान रखें। इससे आप ही नहीं आपके आस-पास के लोग भी फील गुड करेंगे।



- पैसे बचाने के लालच में कभी अनब्रांडेड या लो क्वालिटी परफ्यूम ना खरीदें। इसे अप्लाई करने से आपको स्किन एलर्जी हो सकती है। अगर आपको किसी ब्रांड का परफ्यूम सूट करता हो तो उसे ही यूज करते रहें और बार-बार ब्रांड न बदलें।
- कभी भी परफ्यूम को शरीर के खुले अंगों पर न लगाएं क्योंकि इससे रिएक्शन होने का रिस्क बढ़ जाता है।
- परफ्यूम खरीदने से पहले इसकी पैकिंग में एसिड की मात्रा जरूर चेक कर लें क्योंकि एसिड की मात्रा ज्यादा होने से स्किन पर इचिंग, रैशेज या दाने आदि की समस्या हो सकती है।
- परफ्यूम की क्वालिटी चेक करने के लिए उसे अपनी कलाई पर दस मिनट तक लगाकर रखें। अगर उस भाग पर दस मिनट तक कोई खुजली या काला धब्बा नहीं पड़ता तो यह आपकी स्किन के लिए सुटेबल होगा।
- परफ्यूम के सुगंध की जांच स्टोर के बाहर जरूर कर लें क्योंकि स्टोर के अंदर एयर कंडीशनिंग का असर परफ्यूम की सुगंध पर पड़ता है।
- इस सीजन में हमेशा नेचुरल और लाइट स्मेल वाला परफ्यूम ही यूज करें। समर सीजन के लिए फ्लोरल स्मेल, जैसे- गुलाब, चंदन, लैवेंडर या लेमन की खुशबू वाले परफ्यूम सबसे अच्छे लगते हैं।

केयर / नीलम अरोड़ा

इन दिनों जैसी तपती गर्मी पड़ रही है, उससे बचने के लिए बच्चों का खास ख्याल रखना जरूरी है। यहां बताई जा रही बातें, बच्चे को गर्मी से बचाने में कारगर हो सकती हैं।

## इस तपती गर्मी में ऐसे रखें बच्चों का ख्याल



हालांकि इन दिनों अधिकांश राज्यों के स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं। इस वजह से बच्चे घर से बाहर कम ही निकलते हैं। लेकिन बीते कुछ दिनों से जैसी तपती गर्मी पड़ रही है, उससे बच्चों के बीमार होने की आशंकाएं बढ़ गई हैं। इस दौरान लापरवाही बरतने पर डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक, गर्मी से थकान, लू लगने जैसी समस्याएं बच्चों को हो सकती हैं। उन्हें इससे बचाने के लिए आपको पूरी सावधानी बरतने की जरूरत है।

**जब रहें घर के भीतर:** अगर आप ऐसी जगह में रहती हैं, जहां अकसर बिजली चली जाती है या घर में एयर कंडीशनर नहीं है तो ऐसे में बच्चों को गर्मी से बचाना काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। घर के बाहर की तपिश से बचाने के लिए उन्हें घर के भीतर ही रखना एक विकल्प होता है। इस दौरान घर की खिड़कियों और दरवाजों को बंद रखें, ताकि बाहर की गर्म हवाएं घर में ना आ सकें। अगर आप घर में टेबल फैन का इस्तेमाल करती हैं तो उसे बच्चों की पहुंच से दूर रखें। पंखे की सीधी गर्म हवा भी बच्चों में एलर्जी का कारण बन सकती है। इससे उनको आंखों में खुजली और नाक बहने की समस्या हो सकती है। इसलिए पंखे के ठीक सामने बच्चे को ना बैठाएं या लिटाएं। गर्मी से बचाव के लिए कूलर की नमी भरी हवा राहत देती है। पंखे के सामने रहने के बजाय बच्चे को कूलर वाले रूम में बैठाएं या लिटाएं।

**जब घर से जाना पड़े बाहर:** हालांकि डॉक्टर्स ने सलाह दी है कि इन दिनों बच्चों और बुजुर्गों को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। इसके बावजूद अगर मजबूरी या किसी जरूरी काम से बच्चों को घर से बाहर जाना पड़े तो पूरी सावधानी बरतें। बच्चों को हाईड्रेट रखें और उन्हें कुछ-कुछ देर में पानी पिलाती रहें। नारियल पानी या आम पना भी पिला सकती हैं। अगर आप ब्रेस्टफीड कराने वाले बच्चे के साथ बाहर जा रही हैं तो उसे अपने दूध के अलावा ऊपर का दूध भी पिलाएं। उबालकर ठंडा किया हुआ पानी भी पिला सकती हैं। बच्चे को गहरे रंगों की बजाय हल्के रंग के कपड़े पहनाएं। जिनमें पर्याप्त वेंटिलेशन हो। बच्चों में बड़ों की तुलना में पसीना कम आता है, इसलिए उन्हें लूज ड्रेस ही पहनाएं।



**इससे मिलेगी ठंडक:** गर्मी के कारण शरीर को थकान भी ज्यादा लगती है। इससे बच्चों में चिड़चिड़ापन आता है। इससे बचाव के लिए बच्चे को ठंडक का अहसास दिलाने के प्रयास करती रहें। बच्चे को अगर बहुत ज्यादा गर्मी लग रही है तो उसे ठंडे पानी से दिन में दो बार नहला सकती हैं। उसके शरीर पर कूल फील कराने वाले टाल्कम पावडर लगा सकती हैं। कुछ कुछ देर में उसे मैंगो शेक, छाछ या लस्सी पीने को दे सकती हैं। इन उपायों से उसे ठंड का अहसास होगा।

**तब तुरंत दिखाएं डॉक्टर को:** बेहद सतर्कता बरतने के बावजूद अगर बच्चों को लू लग जाती है तो उसके ट्रीटमेंट में देर ना करें। इसे कुछ लक्षणों से आप पहचान सकती हैं। अगर बच्चे को बेहोशी महसूस हो, ज्यादा नींद आए, सिरदर्द हो, ज्यादा प्यास लगे, गर्मी के कारण बुखार हो, कई घंटों तक पेशाब न हो, जी मिचलाए, उल्टी आए, मांसपेशियों में दर्द, ऐंठन जैसी कोई भी समस्या हो तो उन्हें तुरंत डॉक्टर के पास लेकर जाएं। क्योंकि लू लगने पर ट्रीटमेंट में देरी से स्थिति गंभीर हो सकती है।

स्पेशल: इंटरनेशनल योगा-डे, 21 जून

## योगा से हम रहते हैं फिट

योगासन सिर्फ फिजिकल ही नहीं मेंटल फिटनेस के लिए भी बहुत कारगर होता है। इसीलिए कई एक्ट्रेसेस भी इनको अपने फिटनेस शेड्यूल में शामिल करती हैं। कुछ टीवी एक्ट्रेस **सहेली** को बता रही हैं, योगा उन्हें हेल्दी और फिट रखने में कितना इफेक्टिव है?

### योगा से एनर्जेटिक-फ्रेश फील करती हूं: विदिशा श्रीवास्तव



**एंड टीवी पर** टेलीकास्ट हो रहे कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता मिश्रा का रोल निभाने वाली विदिशा श्रीवास्तव अपनी लाइफ में योग की इंपॉर्टेंस के बारे में बताती हैं, 'मैं लगभग दो साल से योग कर रही हूं। इससे मुझे बहुत पॉजिटिव रिजल्ट्स मिले हैं। मेरी कंसंट्रेशन को बढ़ाने और मेरे कंप्लीट हेल्थ को मेंटेन रखने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हर सुबह योग करने के बाद मैं पहले से ज्यादा एनर्जेटिक और फ्रेश महसूस करती हूं। वैसे तो मैं अभी भी योग के विभिन्न आसनों को सीख रही हूं, लेकिन सूर्य नमस्कार से मुझे सबसे ज्यादा फायदा मिल रहा है। इस खास योगासन का तन-मन दोनों पर ही एक पॉजिटिव इफेक्ट पड़ता है। यह तनाव और चिंता को दूर करने में भी बहुत मदद करता है। इससे मेरी बैक मसल्स स्ट्रॉन्ग बनी हैं और बॉडी पोस्चर बेहतर हुआ है। मैं मानती हूं कि मेरी अत्यधिक बिजी लाइफ के बीच योग एक रिलैक्सेशन जोन की तरह काम करता है। इसीलिए मैं रोजाना योग जरूर करती हूं, इससे मुझे रूटीन लाइफ में बैलेंस बनाए रखने में बहुत मदद मिलती है। इससे मेरे अंदर पॉजिटिविटी बढ़ी है। इसने मेरे एक्टिंग स्किल को भी बेहतर बनाया है।'

### मैं सूर्य नमस्कार जरूर करती हूं: अंजली तत्रारी



**सोनी सब** के शो 'वंशज' में युविका के रोल में दिख रहीं अंजली तत्रारी अपनी लाइफ में योग की इंपॉर्टेंस के बारे में बताती हैं, 'मैं अपनी फिजिकल फिटनेस से प्यार करती हूं और खुद को हेल्दी-स्ट्रॉन्ग बनाए रखने के लिए जो भी करना जरूरी है, मैं करती हूं। इसीलिए योगा को मैंने रूटीन लाइफ में शामिल किया है। मैं रोज सुबह उठने के बाद सूर्य नमस्कार जरूर करती हूं, जिससे पूरे शरीर को स्ट्रेच करने से लेकर फ्लैक्सिबिलिटी लाने तक कई फायदे मिलते हैं। सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह वास्तव में हमारे डाइजेस्टिव सिस्टम को बेहतर बनाने में मदद करता है। मैं अपनी सभी फीमेल फैंस को पीरियड्स के दौरान यह आसन करने की सलाह भी दूंगी। हालांकि लोगों में एक मिथक है कि पीरियड्स के दौरान आपको काम नहीं करना चाहिए और जितना हो सके उतना आराम करना चाहिए। इस बारे में मैं कहना चाहूंगी कि आपको उस दौरान भी सूर्य नमस्कार और कुछ योगासन जरूर करने चाहिए। मेरा क्लीयर मानना है कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योगासन बहुत महत्वपूर्ण है। मैंने अकसर फील किया है कि जब भी मैं योगासन करने के बाद सेट पर शूटिंग के लिए जाती हूं तो मैं अधिक कंसंट्रेट और प्लीजेंट रहती हूं। साथ ही अन्य दिनों की तुलना में अधिक एक्टिवली अपने काम करती हूं। एक एक्ट्रेस के तौर पर दिन में 12-13 घंटे काम करना काफी हैक्टिक होता है। हमें कई तरह के प्रेशर सहने पड़ते हैं। ऐसे इमोशनल प्रेशर सहते हुए अच्छा परफॉर्म करने में योगासन मेरे लिए बहुत हेल्पफुल साबित होता है।'

### योगासन से रिलैक्स फील करती हूं : आयुषी भावे



**स्टार भारत** के सस्पेंस थ्रिलर शो '10:29 की आखिरी दस्तक' में बिंदु का रोल आयुषी भावे निभा रही हैं। योगासन के इंपॉर्टेंस के बारे में वे कहती हैं, 'मैं मानती हूं कि शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के लिए योगा बहुत इंपॉर्टेंट रोल प्ले करता है। मैं रेग्युलर योगा प्रैक्टिस करती हूं। मेरा फेवरेट आसन चक्रासन है। उससे मेरे शरीर में ब्लड फ्लो इंप्रूव होता है। ब्लड को हर ऑर्गन और टिश्यू तक पहुंचने में मदद मिलती है। इससे स्पाइन की स्ट्रेंथ बढ़ती है, तनाव कम होता है और बॉडी फ्लेक्सिबिलिटी भी बढ़ती है। इसके अलावा प्राणायाम करती हूं, जिससे मुझे रिलैक्स फील होता है और मानसिक तनाव भी कम होता है। इससे मैं किसी भी तनावपूर्ण माहौल में शांत महसूस करती हूं।'

## खबर संक्षेप



भिवानी। राहगीरों को मीठा पानी पिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### मानवता की सेवा सबसे बड़ी सेवाः गोयल

**भिवानी।** निस्वार्थ भाव से की गई मानवता की सेवा वास्तव में सबसे बड़ी व सच्ची सेवा हैयह बात निर्जला एकादशी पर वैश्य महाविद्यालय परिवार द्वारा लगाई मीठे दूध के शरबत की छबील का शुभारंभ करते हुए वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल ने कही।उन्होंने कहा कि निर्जला एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है और कहा जाता है कि इस दिन व्रत रखने से साल भर की एकदशी का पुण्य प्राप्त हो जाता है। इस दिन कुछ विशेष चीजें दान करने से दुर्भाग्य दूर हो जाते है।



लोहारू। एकादशी पर गौशाला में गायों को तरबूज खिलाते हुए समाज सेवी रमेश कौशिक। फोटो : हरिभूमि

### सामाजिक संगठनों ने छबील लगा कमाया पुण्य

**लोहारू।** मंगलवार को एकादशी के मौके पर लोहारू शहर के विभिन्न हिस्सों सामाजिक संगठनों और गणमान्य लोगों ने जहां मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों को गर्मी से राहत प्रदान करने का काम किया वहीं अनेक लोगों फल आदि की स्टॉल लोगों को लोगों को फलाहार कराके पुण्य कमाया। इसके अलावा अनेक लोगों ने इस दिन गौशालाओं में हरा चारा और दान दक्षिणा प्रदान कर पुण्य कार्य किया।

### श्री ब्राह्मण महासभा के संरक्षक को पत्नी शोक

**लोहारू।** लोहारू के व्यवसायी एवं श्री ब्राह्मण महासभा के संरक्षक पुरुषोत्तम लाल गौतम की धर्मपत्नी और एडवोकेट देवेंद्र गौत्तम की माताजी श्रीमती बिमला देवी का मंगलवार को हृदयगति रुकने से निधन हो गया। वे लगभग 70 वर्ष की थी और कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। उनका अंतिम संस्कार निकटवर्ती गाँव पिलोद में किया गया। वे अपने पीछे नाती पौत्रों का भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं।



भिवानी। बैठक के दौरान चर्चा करते मोर्चा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### जनसमस्याओं के समाधान को लेकर बनाई रणनीति

**भिवानी।** मंगलवार को हरियाणा जागृति मोर्चा के सदस्यों ने तहसील परिसर में बैठक आयोजित करके कस्बे की जनसमस्याओं के निराकरण को लेकर रणनीति तय की। साथ ही समस्याओं को निपटाने के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए अभियान चलाए जाने का फैसला लिया। मोर्चा सदस्यों ने हर घर तक जाकर लोगों को समाज में फैली बुराइयों को मिटाने के लिए जागरूकता लाने का प्रस्ताव रखा।

## भीषण गर्मी से बचाने व रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में कारगर है सत्तूः संजय

# गोरक्षा दल ने निर्जला एकादशी पर बेसहारा गोवंश के लिए लगाई सत्तू की छबील

- प्रत्येक जन को दिनचर्या से गोवंश की सेवा के लिए निकालना चाहिए समय : डॉ. अशोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

निर्जला एकादशी पर नागरिकों के लिए जगह-जगह पर पानी की छबील लगाई जाती है, जिसके तहत राहगीरों को भीषण गर्मी से बचाने के लिए उन्हे ठंडा जल पिलाया जाता है,लेकिन बेसहारा गोवंश की सेवा की तरफ कम ही लोग ध्यान देते है, ऐसे में बेसहारा गोवंश की सेवा के उद्देश्य से गौरक्षा दल द्वारा सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम के पीठाधीश्वर अंतरराष्ट्रीय श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरी महाराज के सान्निध्य में गोवंश के लिए सत्तु (गुड़, जौ व हल्दी के मिश्रण) की छबील लगाई गई तथा टैंकर में सत्तू को भरकर शहर में घूमकर बेसहारा गोवंश को पिलाया। इस मौके पर गौरक्षा दल के प्रधान संजय परमार ने कहा कि भीषण गर्मी में इंसानों के लिए जगह-जगह पर पेयजल की व्यवस्था मिल जाती है, लेकिन बेसहारा गौवंश के लिए न तो समय पर खाना मिलता है और न पानी मिल पाता है, ऐसे में बेसहारा गौवंश को भीषण गर्मी, हीट स्ट्रोक से बचाने तथा उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए सत्तू का मिश्रण पिलाने का अभियान चलाया है। परमार ने बताया कि सत्तू का ये मिश्रण गुड़, जौ व हल्दी को मिलाकर बनाया जाता है, जो पूरी तरह से आयुर्वेदिक होता है। इससे बेसहारा गौवंश की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे उन्हे भीषण गर्मी व हीट स्ट्रोक से बचने में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि ये मिश्रण डॉ. अशोक महाराज द्वारा स्वयं आश्रम में ही तैयार किया जाता है।





भिवानी। गोवंश को गुड़, जौ व हल्दी के मिश्रण का सत्तू पिलाते गोरक्षा दल के सदस्य तथा राहगीरों को पानी पिलाते प्रोफेसर राजकुमार शर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### बेजुबान पशुओं की सेवा का फल अनंत व अक्षुण

डॉ. अशोक गिरी ने कहा कि गौरक्षा दल द्वारा पिछले कई वर्षो से सत्तू की छबील लगाई जाती है, जो सराहनीय है, इससे बेसहारा गौवंश को गर्मी से बचाया जा सकेगा। इनकी सेवा को देखते हुए सर्वसमाज सेना के संस्थापक श्याम सुंदर सनातनी ने गौरक्षा दल को एक लिफ्ट वाली एंबुलेंस भेट की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को गौवंश को बचाने में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर सेवा का फल मिलता है, लेकिन बेहसहारा व बेजुबान पशुओं की सेवा का फल अनंत व अक्षुण होता है।

### प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा नेक कर्म व धर्मः शर्मा

**भिवानी।** भीषम गर्मी में प्यासे व्यक्ति को पानी पिलाना व उसे भोजन करवाना मानव का सबसे बड़ा नेक कर्म व धर्म माना जाता है, ये बात प्रोफेसर राजकुमार शर्मा ने निर्जला एकादशी पर गांव उमरावत के शिव मंदिर व सांगा में सपेरों के डेरे में शीतल पेय पदार्थ पिलाते हुए कही। उन्होंने प्रसाद भी वितरित किया। शर्मा ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में प्राणी मात्र की सेवा की बड़ी महिमा है। उन्होंने कहा कि निर्जला एकादशी पर्व और एकमात्र जीवित पौराणिक देवता बजरंग बली हनुमान का दिन होने से शीतल पेय पदार्थ पिलाने और प्रसाद वितरण सेवा का और भी ज्यादा महत्व बढ़ जाता है, इसका विशेष पुण्य मिलता है। इस प्रकार की सेवा हमें मानव कल्याण की भावना बढ़ाती है और दीर्घ आत्मिक शांति देती है। इस मौके पर डॉ. क्षमा कौशिक, एडवोकेट नवीन उमरावत, सत्यनारायण कौशिक, अनिल नौरंगाबाद, सुनील बलियाली, राजेश बाबा, शिवकुमार, मधु, बिजेन्द्र, विनोद कौशिक, सतीश शर्मा, बजरंग गौरी व रामुप्रताप आदि उपस्थित रहे।



भिवानी। निर्जला एकादशी पर बड़ा परिवार द्वारा गोशाला में लगाई सवामणी को तैयार करती इंदू शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### निर्जला एकादशी पर बड़ा परिवार ने गोशाला में लगाई सवामणी, परोपकार को ही माना सबसे बड़ा धर्मः इंदु

**भिवानी।** निर्जला एकादशी पर बड़ा परिवार के संरक्षक पूर्वमंत्री डॉ. वासुदेव शर्मा के निर्देशानुसार पशुओं की सेवा का अभियान चलाया। इस दौरान पतराम गेट स्थित गोशाला में गाय के लिए सवामणी लगाई, इसके उपरांत बंदरों को केले खिलाकर पशु सेवा की। इस मौके पर बड़ा परिवार की प्रदेश प्रभारी एवं आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष इंदु शर्मा ने कहा कि परोपकार को ही सबसे बड़ा धर्म माना गया है, ऐसे में हमारा फर्ज बनता है कि जरूरतमंदों की सेवा करने के साथ-साथ पशु-पक्षियों की सेवा में भी कोई कसर न छोड़े। उन्होंने कहा कि निर्जला एकादशी पर इंसान के लिए हर जगह पर पानी की छबील व प्रसाद वितरित किया जा रहा है, लेकिन उन्होंने पशु सेवाकर अन्य लोगों को इस दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है। इंदु शर्मा ने आह्वान किया कि प्रत्येक नागरिक संकल्प लें कि गर्मी के पशु-पक्षियों की सेवा में विशेष अभियान चलाएंगे। इस अवसर पर राजेश जोगी, शुभम शर्मा, राजेश पंडित, संदीप रोहिला, राजकुमार गुजर, रानी शर्मा, निकिता शर्मा आदि मौजूद रहे।



भिवानी। छबील लगाकर लोगों को पानी पिलाती वूमैन हैल्पिंग सोसायटी की सदस्य।

### वूमैन हैल्पिंग सोसायटी ने पानी की छबील लगाकर की जनसेवा

- निर्जला एकादशी का होता सबसे अधिक महत्व : सुशीला

**भिवानी।** निर्जला एकादशी पर वूमैन हैल्पिंग सोसायटी द्वारा खाकी बाबा मंदिर के नजदीक पानी की छबील लगाई। इस मौके पर सोसायटी की अध्यक्षा सुशीला देवी सिंह ने कहा कि निर्जला एकादशी का महत्व वर्ष में आने वाली सभी एकादशियों में सबसे अधिक होता है, इसीलिए लोग इस दिन धर्म-कर्म के कार्यों में बढ़-चढकर भाग लेते है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी पिलाना पुण्य का कार्य माना जाता है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल जीव को पानी पिलाना, उसे नया जीवन देने के समान है। गर्मी के दिनों में प्रत्येक व्यक्ति को पानी की ज्यदा जरूरत होती है। इसके अलावा प्यासे को पानी पिलाना महान कार्य भी माना जाता है, इसीलिए जनसेवा के उद्देश्य से उनके द्वारा पानी की छबील लगाई गई है। इस अवसर पर ममता अरोड़ा, दर्शन अरोड़ा, हर्ष असीजा, मनोज, दीपांशु, संजय, सरोज, चीनू, पिंकी बागड़ ने भी जल सेवा की।



चरखी दादरी। राहगीरों व यात्रियों को मीठा पानी पिलाते व्यापारी। फोटो : हरिभूमि

### रेलवे रोड पर यात्रियों व राहगीरों को पिलाया पानी

**चरखी दादरी।** ज्येष्ठ मास की निर्जला एकादशी पर रेलवे रोड के व्यापारियों ने हरियाणा व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता की अगुवाई में राहगीरों के लिए मीठे ठंडे पानी की छबील लगाई। इस अवसर पर रूहाफजा व दूध से मीठा जल तैयार किया तथा रेलवे रोड से आते जाते रेल यात्रियों, राहगीरों व रेलवे स्टेशन यात्री प्रतिक्षालय में मीठा जल पिलाया। रेलवे रोड के व्यापारियों द्वारा ज्येष्ठ मास में तीसरी बार मीठे पानी की छबील लगाई गई है। संदीप छापरिया ने बताया कि निर्जला एकादशी पर जल का दान पौराणिक कथाओं में उत्तम फलदाई माना गया है। गुप्ता ने कहा कि प्यासे व्यक्ति को पानी पिलाना अपने आप में बहुत ही पुण्य का कार्य है। मानव सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है। इस अवसर पर संदीप छपारिया, टोनी सैन, चिंटू पंडित, सोनू सैन, पुनीत काकरान, अधिवक्ता प्रदुमन, अमित सांवडियां, सोनू जांगड़ा, संदीप राठौड़, विक्की छपारिया, मोहित, नवीन जांगड़ा, प्रकाश पंवार, अनुराग गुप्ता आदि मौजूद रहे।



बवानी खेड़। निर्जला एकादशी के अवसर पर बाबा कमाल के पास मीठे ठंडे पानी की छबील लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि



भिवानी। छबील लगाकर लोगों को मीठे पानी पिलाते संगठनों के कार्यकर्ता।

### संगठनों ने निर्जला एकादशी पर लगाई छबील

**भिवानी।** निर्जला एकादशी पर शहर में मीठे पानी की छबील लगाई गई। शहर के प्रमुख चौराहों पर विभिन्न संगठनों के सदस्यों और समाजसेवियों ने लोगों के लिए मीठे पानी की छबील लगाकर पुण्य कमाया। इसी श्रृंखला में फेम के जिलाध्यक्ष जयभगवान मस्ताना, ओम मैडिकल हॉल के संचालक डा. तुषार व स्वामी स्वीट्स के संचालक अशोक स्वामी की अगुवाई में परशुराम चौक के दुकानदारों के सहयोग से परशुराम चौक पर राहगीरों के लिए मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों की प्यास को शांत किया। बता दें कि आज के दिन बाजार में भारी संख्या में लोगों का आना-जाना रहा है। भीषण गर्मी के चलते बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत पिया। मस्ताना ने कहा कि सभी को पुण्य कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। ठंडा पानी वितरित करने से राहगीरों को भीषण गर्मी के प्रकोप से राहत मिलती है। निर्जला एकादशी का महत्व हमारे पुराणों में दर्ज है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है, लेकिन वर्तमान में इसका महत्व और बढ़ जाता है। इस दौरान पवन कुमार शर्मा, आकाश, महावीर पनवाड़ी, रिंकू, सूरज, अजय, पप्पू आदि सेवादारों ने राहगीरों, बाइक, ई-रिक्शा व कार सवारों को रोक कर शरबत पिलाया।

### किसी ने रेहड़ियों पर प्रसाद के रूप में खिलाए गोल गप्पे

**बवानीखेड़ा।** मंगलवार को बवानी खेड़ा में निर्जला एकादशी के अवसर पर अनेक स्थानों पर मीठे, ठंडे पानी की छबीलें लगाकर मीठा जल वितरित किया गया। जहां सामान्य बस स्टैंड, शहीद गुलाब सिंह पार्क, पंजाब नेशनल बैंक के समीप, बाबा कमाल के समीप, जमालपुर में मीठा ठंडा पानी वितरित किया गया। वीके फोटो स्टेट के पास नाहड़िया व शहीद गुलाब सिंह पार्क के पास नौरंग चाट भंडार द्वारा फ्री में गोलगप्पे का परसाद खिलाया। समाजसेवियों में देवेन्द्र अत्री, अमित डुमड़ा, कालिया वर्मा, रोहित, केशव ठकराल, विकास महता, टेकचंद, नौरंग, सतीश गक्खड़,सौरभ, रविश, नवीन, रवि, सोनू, मोंटी, नवीन आदि ने बताया कि परसाद वितरित करके जो आनंद की अनुभूति होती है व स्मरणीय होती है। वहीं मीठे जलए गोलगप्पे का परसाद ग्रहण करने वालों ने बताया कि यह बहुत बड़ा पुण्य है।

### भाविप ने मजदूरों के लिए लगाई पानी की छबील

**भिवानी।** निर्जला एकादशी पर भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा मंगलवार को तिगड़ाना मोड स्थित मजदूरों के लिए ठंडे व मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि निर्जला एकादशी पर आज शहर में विभिन्न स्थानों पर पानी की छबील लगाकर राहगीरों की सेवा है, जो कि सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा मजदूरों की सेवा कर निर्जला एकादशी का पर्व मनाया गया है।

### राहगीरों व वाहन चालकों को दूध शरबत व कोल्ड ड्रिंक पिलाई



भिवानी। श्रीश्याम मंदिर के बाहर निर्जला एकादशी पर लगाई छबील। फोटो : हरिभूमि

**भिवानी।** श्रीश्याम मिलन मंडल द्वारा निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में चिरंजीव कॉलोनी स्थित श्रीश्याम मंदिर पर दूध शरबत व कोल्ड ड्रिंक की छबील लगाकर तपती गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने का काम किया। कार्यक्रम की विशेषता ये रही कि मिल कर्मचारी के ड्यूटी पर चढ़ने एवं छूटने के समय पर लगाई छबील पर लोगों ने मंदिर में भगवान के दर्शन कर एकादशी व्रत पर ठंडा दूध शरबत एवं कोल्ड ड्रिंक पीकर अपनी प्यास बुझाई। वहीं एकादशी व्रत के विषय में जानकारी प्राप्त की। प्रातः काल से ही मंदिर में भक्तों का आना-जाना प्रारंभ हो गया था। श्रीश्याम मंदिर के संस्थापक घनश्याम शर्मा ने बताया कि शास्त्रों में निर्जला एकादशी का विशेष महत्व है। बताते है कि पांडव पुत्र भीम जब एकादशी का व्रत नहीं कर पाते थे तो उन्होंने महर्षि व्यासजी से पूछा कि मैं ऐसा क्या करू कि मुझे एकादशी के व्रत का फल प्राप्त हो, तब महर्षि व्यासजी ने उन्हें बताया कि आप निर्जला एकादशी का व्रत करें, जिससे 24 महीनों की एकादशी का फल प्राप्त होगा, तभी से भीम ने निर्जला एकादशी का व्रत प्रारंभ किया, जिसे भीमसेनी एकादशी भी कहते हैं। श्रीश्याम मिलन मंडल के सदस्यों ने राहगीरों को रोक-रोककर दूध शरबत व कोल्ड ड्रिंक पिलाने का काम किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुदेश तुलसीयान, ऋषि शर्मा, डॉ अंजलि मेहता, नरोत्तम बागड़ी, सुनील गोयल, दीपक मेहता, ज्योति शर्मा एडवोकेट, हर्षिता, संगीता गुप्ता, अंजु कोहली, अमन गुप्ता, सुरेश अरोड़ा, इंद्र, सुनील, उमेश, गौतम केडिया, अमन गुप्ता आदि का विशेष योगदान रहा।

# बिजली व पेयजल संकट से लोग परेशान

- भाजपा के नेता व अधिकारी हुए गायब : दान सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भिवानी. महेंद्रगढ़ लोकसभा से कांग्रेस कोर्डिनेटर एवं विधायक दानसिंह ने कहा है कि समुचे भिवानी जिले में भंयकर बिजली व पेयजल संकट बना हुआ है और सरकार व प्रशासन इसका निदान करने की बजाय हाथ पर हाथ धरकर बैठे हैं। ऐसे में बेबस लोगों का जीना दूभर हो गया है। उन्होंने कहा कि एक तो रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और उसपर अभूतपूर्व बिजली, पानी संकट के चलते आम जीवन कठिन हो गया है। उन्होंने कहा कि शहर व ग्रामीण ईलाकों में लोगों के नलों से जहां पानी गायब है वहीं जोहड़ व तालाब भी सूख चुके हैं। ऐसे में बे जुबान पशुओं के लिए भी भारी संकट पैदा हो गया है। दानसिंह ने कहा कि जनता को बड़े. बड़े सब्जबाग दिखाने वाली भाजपा सरकार की भी पोल पूरी तरह खुल गई है। भिवानी शहर व ग्रामीण ईलाकों में जगह. जगह जाम लग रहे है। शहर में जहां तीन से चार दिन तक पानी नहीं आ रहा वहीं ग्रामीण ईलाकों में हालात और बदतर है। वहां तो दो. दो सप्ताह तक पेयजल उपलब्ध नहीं होता। सरकारी मशनरी के विफल होने के कारण हर जगह लोगों को खरीदकर पानी पीना पड़ रहा है। जिले के लगभग 200 गांव में भी पेयजल का भारी संकट है। दादरी, भिवानी, तोशाम, लोहारू व बढ़ाडा सहित समुचेय भिवानी महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र में नहरी पानी की भारी कमी है और जलघरों में भी पानी नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां तापमान 47 से 48 डिग्री तक पहुंच रहा है वहीं बिजली किल्लत भी बढ़ गई है। कई. कई जगह तो लोगों को 24.24 घंटे और पूरी पूरी रात बिजली के बिना काटनी पड़ रही है। भीषण गर्मी व बिजली आपुर्ति ठप होने से लोगों को अपने जीवन के सबसे मुश्किल दौर से गुजरना पड़ रहा है। सरकार के प्रतिनिधि बिलकुल गायब है।

# कैंप के नाम पर मजदूरों को किया जा रहा परेशान

- मजदूर हितैषी होने का सरकार कर रही झूठा ढकोसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भवन निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) राज्य महासचिव राममेहर सिंह व यूनियन जिला सचिव कामरेड अनिल कुमार ने बताया कि प्रदेशभर में सैंकड़ों निर्माण मजदूरों को मजदूर कैंप के बहाने से बुलाकर 44 डिग्री तापमान में परेशान किया जा रहा है, जबकि न तो सभी मजदूरों का पंजीकरण हो रहा और न ही दो-दो साल से पंजीकरण के लिए किए गए आवेदनों को स्वीकृत किया जा रहा हैं। निर्माण मजदूर-कारीगर पंजीकरण व सुविधाओं के लिए मारे फिर रहे है, मगर कोई काम नही हो रहा हैं। मजदूर हितैषी होने का झूठा ढोंग करने वाली भाजपा सरकार मजदूरों को परेशान कर रही है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यूनियन नेताओ ने बताया कि पिछले तीन दिन से गांवों के ग्रुपों में संदेश चल रहा था कि सोमवार व मंगलवार को फ्री पंजीकरण कैंप होगा, जिसके चलते जिलेभर से सैंकड़ों निर्माण मजदूर कारीगर पंजीकरण के लिए भवन निर्माण एवं अन्य सहनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड कार्यालय भिवानी में पहुंच गए, जबकि सुबह से साइट नहीं चल रही ।

### निर्माण मजदूर कारीगर पांच सालों से परेशान

निर्माण मजदूर कारीगर पिछले पांच साल से मारे मारे फिर रहे है। उनका न पंजीकरण होता और न समय पर सुविधाएं मिलती। दलाल अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके मजदूरों को लूट रहे है। यूनियन नेताओ ने कहा कि सरकार द्वारा जल्द मजदूरों की मांगों का समाधान नहीं किया तो कल होने वाले मजदूर जागरूकता समारोह में विरोध किया जायेगा। 20 जून को हिसार में होने वाली राज्य स्तरीय कनवेंशन में भावी राज्य स्तरीय आंदोलन कि योजना बनाई जाएगी। इस मौके पर सुमेर सिंह, रोशन धारणी, राजेश, राजेंद्र, बीर सिंह आदि शामिल थे।

### नई तकनीक और मार्केटिंग से जुड़ें युवा किसान : सुखविंद्र

- जिला के 30 हजार से अधिक किसानों के खाते में सवा छह करोड़ से अधिक की धनराशि

**चरखी दादरी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधनमंत्री का पदभार संभालते ही सबसे पहले किसान सम्मान निधि की 17 वीं किस्त जारी करने का निर्णय लिया। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अन्नदाता के प्रति उनकी नेक सोच को दर्शाता है। जनता कॉलेज के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एव पूर्व विधायक सुखविंद्र सिंह मांढी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि आर्थिक समृद्धि के युवा किसान कृषि के क्षेत्र में नई तकनीक अपनाएं। कार्यक्रम उपस्थित कृषि सखी और किसानों ने बनारस से वीसी के माध्यम से लाइव संबोधन सुना। पूर्व विधायक माढ़ी ने कहा कि मोदी जी की सरकार ने जोखिम फ्री खेती के लिए फसल बीमा योजना उर्वरकों पर की सब्सिडी दी गई।

## पौधरोपण से अधिक रोपित पौधें के संरक्षण पर ध्यान देना आवश्यक

# ग्रामीणों से मिलकर पौधरोपण के लिए समितियां गठित

- भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति ने चलाया विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पर्यावरण असंतुलन की बढ़ती समस्या को देखते हुए भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति द्वारा जल एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता पखवाड़ा चलाया जा रहा है, जिसके तहत विशेष अभियान चलाकर जन-जन को जल एवं पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया जा रहा है। समिति के संयोजक केके वर्मा ने बताया कि अपने साथियों के साथ मिलकर प्रोजेक्ट बनाया और गांव कालुवास, नाथुवास, गुजरानी, बडेसरा, मित्ताथल एवं नीमड़ीवाली के सरपंचों व पर्यावरण प्रेमियों को गांव की शमशान भूमि, मंदिरों, पशु चिकित्सालयों, व्यायाम एवं गोशालाओं सहित सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण व रोपित पौधों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया।



भिवानी। पौधों पर ट्रीगार्ड लगाते भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति के संयोजक केके वर्मा। फोटो : हरिभूमि

### पेड़ों पर लटकाए जा रहे घोसले

केके वर्मा, सुरेंद्र बडेसरा, सुभाष गोयल, हरिनारायण दहिया, बीके जावला, आत्मप्रकाश टुटेजा, रमेश मुखिजा, ओमप्रकाश तनेजा, मदन सिंह एडवोकेट, लोकेश कुमार, प्रमोद राजगढ़ियां, राजेश डूडेजा ने बताया कि पौधरोपण से अधिक ध्यान उनके सर्वाइवल पर देना आवश्यक है, वास्तविक उपलब्धि सर्वाइवल पर ही निर्भर है। उन्होंने कहा कि वन विभाग व सामाजिक संगठनों के सहयोग से लगवाए पौधों को बचाने के लिए समिति कम से कम लागत के पुराने काट-कबाड़, बांस-बाही, काबली कीकर व पैकिंग सामान आदि से ट्रीगार्ड तैयार करवा रही है। पक्षियों के लिए पेड़ों पर घी के खाली टीनों के दाना पानी टीन व बोतलों एवं प्लास्टिक डिब्बों से निर्मित घोसले पेड़ों पर लटकाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के बाद उनकी नियमित देखभाल के लिए ग्राम पर्यावरण समितियों का गठन, नियमित समय पर पानी के लिए टैंकर मालिकों से मिलकर पानी की व्यवस्था, बड़े पेड़ों पर लगे ट्री गार्डो को काटकर छोटे पौधों पर लगाना आदि कार्यों पर जोर दिया।

### जीवन जीने की कला विकसित करते हैं अष्टांग योग के यम नियम का पालनः रोहिल्ला

**बाढ़ड़ा।** दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य हरियाणा योग आयोग व जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर राकेश वशिष्ठ जिला समन्वयक डॉक्टर प्रमिल फोगाट के निर्देशानुसार योग शिक्षक योग आचार्य दिनेश रोहिल्ला के नेतृत्व में आखिरी दिन ग्राम पंचायत उमरवास में योग जन जागरण यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों को योगाभ्यास करवा कर योग की उपयोगिता के बारे में बताया गया । आयुष योग शिक्षक योगाचार्य दिनेश रोहिला ने कहा कि आधुनिक जीवन में रोजमर्रा की इस भागदौड़ भरी जिंदगी में व्यक्ति अपने आप को अलग.थलग महसूस वह तनाव से ग्रस्त होता जा रहा है। ऐसे में हमारी प्राचीन योग विद्या में महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग के अंतर्गत आने वाले यम और नियम का पालन व्यक्ति को सामाजिक व व्यक्तिगत रूप से सक्षम बनाते है । अहिंसा, सत्य, असत्य, ब्रह्मचर्य, और अपरिग्रह ये पांच यम सार्वभौमिक नैतिकता, समाज के प्रति दृष्टिकोण, दूसरों तथा अपने आसपास के वातावरण के प्रति आपका व्यवहार है।

## खबर संक्षेप

### निपुण हरियाणा को लेकर एसडीएम ने समीक्षा बैठक

**लोहारू।** मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में एसडीएम अमित कुमार की अध्यक्षता में निपुण हरियाणा के तहत उपमंडल के सभी संकुल मुखियाओं, बीआरपी, एबीआरसी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम ने बैठक में लोहारू और बहल दोनों खंडों में निपुण हरियाणा के तहत हो रहे कार्योर् और रणनीति पर चर्चा करते हुए उनकी समीक्षा की व आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### योग दिवस को लेकर फाइनल रिहर्सल आज

**चरखी दादरी।** 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां के बीच बुधवार 19 जून को जिला मुख्यालय सहित सभी खंडों में फाइनल रिहर्सल आयोजित की जाएंगी। जिला स्तरीय कार्यक्त्रम की रिहर्सल के उपरान्त साढ़े पांच बजे योग मैराथन होगी। डीसी मनदीप कौर ने दी। उन्होंने बताया कि जिलास्तरीय कार्यक्रम की रिहर्सल नई अनाज मंडी में सुबह सात बजे शुरू होगी। खंड स्तर पर रिहर्सल बाढ़डाए झोझुकलां और बोंद कला में होगी।

### पुलिस ने 205 पेटी शराब बरामद की, दो युवक धरे

**चरखी दादरी।** पुलिस ने बीती रात पिकअप डाला से 205 देशी शराब की पेटी बरामद की है। पुलिस ने 2 शराब तस्करों को काबू किया और वाहन को कब्जे में लिया है। डीएसपी विनोद शंकर ने बताया कि एएसआई कुलदीप सिंह रात को बस स्टैंड पर टीम के साथ गस्त कर रहे थे उस समय रोहतक चौक पर जिले सिंह अकेडमी के सामने एक ठेके पर पिकअप डाला गाड़ी से शराब उतारी जा रही है।

### थाने में हवन कर कुशल मंगल की कामना की

**बाढ़ड़ा।** झोझू कलां पुलिस थाना परिसर में निर्जला एकादशी के उपलक्ष में मंगलवार को हवन यज्ञ का आयोजन किया किया। हवन में पुलिस कर्मचारियों ने आहुति डालकर आमजन के कुशल मंगल की कामना की। मंलगवार को झोझू कलां पुलिस थाना परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। झोझू कलां थाना एसएचओ हवा कौर की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस कर्मचारियों ने यज्ञ में आहुति डालते आमजन के कुशल मंगल की कामना की। हवन के बाद ठंडे शरबत का प्रसाद वितरण किया।

### महिला सशक्तिकरण की मिसाल थी लक्ष्मीबाई : वधवा

# भाजपाइयों ने वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई को किया नमन

भाजपा नेता रीतिक वधवा ने कहा कि वीरांगना नाम सुनते ही हमारे मनोमस्तिष्क में रानी लक्ष्मीबाई की छवि उभरने लगती है। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई सच्चे अर्थों में वीरांगना ही थी।



भिवानी। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई को नमन करते रीतिक वधवा व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य एवं वीरता को याद करते हुए भाजपाइयों ने प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भाजपा नेता रीतिक वधवा ने कहा कि वीरांगना नाम सुनते ही हमारे मनोमस्तिष्क में रानी लक्ष्मीबाई की छवि उभरने लगती है। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई सच्चे अर्थों में वीरांगना ही थी। वे भारतीय महिलाओं के समक्ष अपने जीवनकाल में ही ऐसा आदर्श स्थापित करके विदा हुई, जिससे हर कोई प्रेरणा ले सकता है। वधवा ने कहा कि सच्चे वीर को कोई भी प्रलोभन अपने कर्तव्य से विमुख नहीं कर सकता, ऐसा ही रानी लक्ष्मीबाई का जीवन था। उनके मन में अपने राज्य एवं राष्ट्र से एकात्म स्थापित करने वाली भक्ति हमेशा विद्यमान रही। वीरांगना के मन को हमेशा यह बात कचोटती रही कि देश के दुश्मन अंग्रेजों को सबक सिखाया जाए, इसी कारण उन्होंने ये घोषणा की कि मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी। इतिहास बताता है कि इस घोषणा के बाद रानी ने अंग्रेजों से युद्ध किया। रानी लक्ष्मीबाई का अदम्य साहस और शौर्य आज भी प्रेरणा देता है। रानी लक्ष्मीबाई ने अपनी मातृभूमि की रक्षा एवं सम्मान के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए। इस अवसर पर रमेश चौधरी, सुनील, पंकज कुमार, कमल, प्रेम कुमार, मुकेश कुमार,नरेंद्र, प्रदीप, राजेश, राजन, दीपक ने भी माल्यार्पण करके उन्हें नमन किया।

### वीरता व पराक्रम लोगों को प्रेरणा देते रहेंगे



चरखी दादरी। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को श्रद्धाजंलि देती झांसी की रानी एक प्रेरणा समूह व भारतीय प्रजापति हिरोज ऑर्गेनाइजेशन की सदस्य।

**चरखी दादरी।** झांसी की रानी एक प्रेरणा समूह व भारतीय प्रजापति हिरोज ऑर्गेनाइजेशन ने महारानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस मंगलवार को रासीवासिया धर्मशाला में मनाया। सर्वप्रथम उनके चित्र के समक्ष पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की। उसके बाद महारानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए समूह की प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका प्रजापति ने बताया कि भारत के गौरवशाली इतिहास में जब-जब वीरांगनाओं का जिक्र किया जाएगा, महारानी लक्ष्मीबाई की वीरता और पराक्रम हमेशा लोगों को प्रेरणा देते रहेंगे। कवियित्री सुभद्रा कुमारी चौहान ने अपनी रचना झांसी की रानी में इसी पराक्रम का जिक्र करते हुए लिखा था-खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी। अंग्रेजी हुकूमत के दांत खट्टे करने वाली झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की आज पुण्यतिथि है। 18 जून सन 1858 को अंग्रेजों से मुकाबला करते हुए रानी लक्ष्मीबाई वीरगति को प्राप्त हुई थी। हर साल 18 जून का दिन रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस के रूप में उनके शौर्य की याद दिलाता है। रानी लक्ष्मीबाई हमारे देश की महान क्रांतिकारी रही, देश की आजादी में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। इस दौरान दिव्या, कविता, एकता, भारती, अनिता, नेहा, रितु, मानसी, संजू, खुशबू व ज्योति आदि मौजूद रहे।



### शिक्षा बोर्ड में योग प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**भिवानी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के उपलक्ष्य में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड एवं हरियाणा योग आयोग, पंचकुला द्वारा संयुक्त रूप से योग व प्राकृतिक चिकित्सा के प्रचार व प्रसार के लिए योग प्रशिक्षण कार्यशाला एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोर्ड के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ.वीपी यादव ने की। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से योग व प्राकृतिक चिकित्सा के विशेषज्ञ डॉ. मदन मानव एवं हरियाणा योग आयोग पंचकुला के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. हरीश चन्द्र शामिल हुए । डॉ. मदन मानव ने अपने सम्बोधन में बताया कि योग हमारी संस्कृति की प्राचीन धरोहर है। उन्होंने योग की शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक महता बताई तथा प्रणायाम के आधारभूत नियमों एवं षटक्रम क्रिया के बारे में विस्तार से अवगत करवाया।



### सीधा किसानों के खाते में डाला पैसा : दलाल

**भिवानी।** वित्त मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि भाजपा पहली सरकार है, जिसने किसान हित में अनेक नीतियां बनाकर डीबीटी के माध्यम से सीधा किसानों के खाते में पैसा डाला है। देश में सर्वाधिक प्रदेश के किसानों की 14 फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही हैं। किसान हित में भावांतर भरपाई योजना लागू की गई है। किसानों को 6700 करोड़ रूपए की कृषि संबंधित बिजली में सब्सिडी दी गई है। सरकार ने कृषि,बागवानी, मछली पालन तथा नहरों के निर्माण के लिए सिंचाई विभाग का बजट बढ़ाया है। वित्त मंत्री जेपी दलाल पंचायत भवन में मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय किसान सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। वित्त मंत्री ने कहा किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त जारी कर दी गई है। देशभर के 9.26 करोड़ किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे खाते में ट्रांसफर की। जिला स्तर के अलावा प्रत्येक खंड में भी प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी का सीधा प्रसारण दिखाया गया।

## एचसीएस में चयनित अधिकारियों की सूची व पता सार्वजनिक करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



जब से भाजपा सत्ता में आई है, तभी से युवा विरोधी फैसले लेकर उनके भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। भाजपा ने पहले तो रोजगार के साधन सीमित किएए जिसके चलते युवाओं को बेरोजगारी की मार झेलनी पड़ी। उसके बाद विभिन्न परीक्षाओं में धांधली व भ्रष्टाचार के मामले भी सामने आएए जिसने भाजपा के युवा व रोजगारी विरोधी होने का चेहरा बेनकाब किया। यही नहीं बीते दिनों नीट परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार के बाद अब हरियाणा में एचसीएस भर्ती के परिणाम में भी भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के युवाओं से भेदभाव किया है। यह आरोप युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विकास कुमार ने एचसीएस भर्ती के परिणाम में सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार ने वर्ष 2023 में एचसीएस भर्ती निकाली थी। इस भर्ती में आरक्षण नीति का उल्लंघन किया गया तथा एससी.बीसी वर्ग के पदों को खाली छोड़ दिया गया। विकास कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2023 में एचसीएस भर्ती के लिए 121 पदों पर नियुक्ति का विज्ञापन दिया गया था। जिसमें 87 हजार अभ्यार्थियों ने अप्लाई किया तथा 1706 अभ्यार्थियों ने एचसीएस मेन पास किया।

### 418 डेंगू टेस्ट किए नहीं मिला पॉजिटिव

**भिवानी।** सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य ने बताया कि जिले में पिछले वर्ष 278 डेंगू बुखार के पॉजिटिव मरीज पाए गये, जिसमे भिवानी शहर में 153 डेंगू बुखार के मरीज पाए गये तथा ग्रामीण क्षेत्र में 125 डेंगू बुखार के मरीज पाए गये। पिछले वर्ष जिले में 163709 मरीजो की ब्लड स्लाइड जाँच की गई, जिसमे एक मरीज मलेरिया पीवी पॉजिटिव मिला। इस वर्ष जिले में 64538 बुखार के मरीजों की ब्लड स्लाइड बनाई गई हैं तथा 418 डेंगू टेस्ट किए गए, जिसमें मलेरिया व डेंगू का कोई भी मरीज पोजिटीव नही पाया गया हैं। जिले में मच्छरजनित बीमारियां जैसे मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया आदि के बचाव के लिए प्रभावी कदम उठाये जा रहे है।

## स्काउट्स गतिविधियों में भाग लें छात्र : ठाकुर

- स्काउट्स गतिविधियों से होता है सर्वांगीण विकास : विक्रम सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




भिवानी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

दा हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एंड गाईडस की शाखा चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप द्वारा भगत सिंह चौक स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहड़ में वर्धमान ज्वैलर्स के सौजन्य से जारी 7 दिवसीय सर्विस कैंप मंगलवार को 7वें दिन भी जारी रहा।

इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता ठाकुर विक्त्रम सिंह बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे तथा उन्होंने स्वच्छ पर्यावरण के संदेश के साथ पौधारोपण व 9 बजकर 15 दिन पर ध्वजारोहण कर कैंप की शुरूआत की। इसके उपरांत उन्होंने शिविर में फायरिंग की तथा टैंट लगाने की प्रक्रिया को भी जाना। इस दौरान मुख्यअतिथि ने बच्चों द्वारा लगाई गई वेस्ट आऊट ऑफ दि बेस्ट की स्टॉल से खरीदारी भी की। प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता चंद्रशेखर आजाद ओपन गुरप के ग्रुप कोडिनेटर लक्ष्मण गौड व ग्रुप लीडर सागर ने किया। वही मंच संचालन सह गुरप लीडर अमित कुमार व गाईड एवं रेंजर कैप्टन पुष्पा देवी ने किया। इस मौके पर उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता ठाकुर विक्रम सिंह ने विद्यार्थियों के लिए सिर्फ शारीरिक विकास काफी नहीं, बल्कि उन्हे ऐसी गतिविधियों में भाग लेना चाहिए, जिससे उनका मानसिक विकास भी हो सकें। जिसके लिए स्काउट्स द्वारा करवाई जाने वाली गतिविधियां सर्वोत्तम है। ऐसे में प्रत्येक विद्यार्थी को बढ़.चढक़र इन गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप के ग्रुप लीडर सागर व जिला आयुक्त स्काउट श्रीभगवान ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी नरेश महता,जिला आयुक्त स्काउट्स श्रीभगवान, जिला संगठन आयुक्त स्काउट्स पवन कुमार, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट्स नरेश शर्मा के दिशा.निर्देशानुसार आयोजित किए गए शिविर का समापन 18 जून को हो गया।

### चिड़िया में शॉर्ट.सर्किट से ईंधन में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत से पाया आग पर काबू

**बाढ़ड़ा।** गांव चिड़िया में मंगलवार को शॉर्ट.सर्किट के कारण ईंधन में आग लग गई। आग लगने के सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। जिसमें बाद फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया।बता दे कि चरखी दादरी जिले के गांव चिड़िया में फिरनी के समीप घरेलू ईंधन लकड़ी आदि एकत्रित कर रखी थी। मंगलवार को वहां से गुजर रही बिजली आपूर्ति की लाइन से चिंगारी निकलने के कारण ईंधन में आग भड़क गई। आसपास के लोगों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन तेज गर्मी होने व हवा चलने के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। आग लगने वाले स्थान के ही समीप रिहायशी मकान भी थे जिसके चलते आग के घरों तक पहुंचने का खतरा बना हुआ था। जिसके चलते फायर ब्रिगेड को आग लगने की घटना की जानकारी दी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## 50 लोगों की समस्याएं सुनीं

- समाधान प्रकोष्ठ में समस्याओं का होता है समाधान : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




भिवानी। आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिशा.निर्देश देते हुए।

एडीसी हर्षित कुमार, पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला व सीटीएम विपिन कुमार ने लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में लोंगों की 50 समस्याएं सुनी। समाधान शिविर में अधिकतर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाता है।

शिविर में स्थानीय दादरी गेट से सीमा ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी पहली शादी में तलाक हो गया था,अब वह दूसरी शादी कर चुकी है लेकिन नई फैमिल आइडी बनाने के लिए ओटीपी पहले शादी की थी उसके पास जाता है वह ओटीपी नही बताया रहा है। इस समस्या पर तुरंत संज्ञान लेते हुए एडीसी ने इसकी रिक्वस्ट चण्डीगढ़ हैडआफिस में भेज दी है और एक सप्ताह में समाधान करवाने का आश्वान दिया है अगर फिर भी समाधान नहीं होता है तो पुलिस के सहयोग से इस कार्य को करवाया जाएगा। इस पर आवेदन कर्त्ता ने संतुष्टि जाहिर की है। इसी तरह से समाधान शिविर में एडीसी हर्षित कुमार, एसपी श्री सिंगला व नगराधीश श्री कुमार ने बिजली के तारों को ठीक करने, लोगों की प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतें सुनीं ।

### योग दिवस के आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक

**भिवानी।** भीम खेल परिसर में मनाए जाने वाले 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर एडीसी हर्षित कुमार की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के संदर्भ में संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। कार्यक्रम में सुबह छह बजे प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण भी दिखाया जाएगा।एडीसी श्री कुमार ने कहा कि संबंधित विभाग अपनी.अपनी विभागीय तैयारी समय रहते पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रांगण की साफ.सफाइ, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, एंबुलेंस आदि के प्रबंधन के लिए संबंधित विभागों की ड्यूटी लगाई।

## वित्त मंत्री ने शहर का दौरा कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

- अधिकारियों के एक महीने में काम पूरा करवाने के दिए निर्देश

**भिवानी।** वित्त मंत्री जेपी दलाल ने पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक टीएल सत्यप्रकाशए चीफ इंजीनियर डीके आहुजा व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की।

बैठक में वित्त मंत्री ने अधिकारियों को भिवानी के चारों सेक्टरों की सड़कें , ग्रीन बैल्ट को दुरूस्त करने, बरसाती पानी निकासी प्रबंधन व चौ. सुरेंद्र पार्क का सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने भिवानी शहर की मास्टर प्लान तैयार कर शहरी प्राधिकरण क्षेत्र में विकास कार्य करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे एक महीने बाद शहर का निरीक्षण करेंगे, तब तक सभी विकास कार्य हो जाने चाहिए। वित्त मंत्री दलाल ने बैठक के उपरांत अधिकारियों के साथ शहर के सेक्टर.13, 23 व चौ. सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल पार्क, बीपीएस स्कूल के साथ लगते वृद्धाश्रम.जिमखाना क्लब, भगत सिंह चौक आदि क्षेत्र का दौरा कर विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर के सौंदर्यकरण में कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बासिया भवन से चिड़िया घर रोड तक जाने वाली सड़क के निर्माण,ग्रीन बेल्ट व पार्किंग से संबंधित सभी औपचारिकताएं पूरा करें।

### जीता खेड़ी में क्रिकेट और वॉलीवॉल किट की वितरित

**बवानीखेड़ा।** गांव जीताखेड़ी में जननायक जनता पाटी के युवा नेता दिग्विजय सिंह चौटाला द्वारा खिलाड़ियों को की गई क्त्रिकेट किट व वॉलीवॉल किट की घोषणा को पूरा करते हुए सामान वितरित किया गया।

जजपा नेता दीपक सिवाड़ा ने इस कार्य को अमलीजामा पहनाते हुए बताया कि युवा खिलाड़ी देश का भविष्य हैं और उनकी पार्टी के नेताओं ने जो वायदे किए वे सभी पूरे करने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा उनकी पार्टी हमेशा खिलाड़ियों को सहयोग करने के लिए तैयार रहती है। उन्होंने आने वाले विधानसभा चुनावों में भी पार्टी नए आयाम स्थापित करने की बात कही। इस अवसर पर अनेक युवा खिलाड़ी मौजूद रहे।

### सावित्रीबाई व ज्योतिबा फूले की प्रतिमा स्थापित करने की मांग

# नवदुर्गा सेवा सहयोग ने सीएम के नाम सौंपा मांगपत्र

- सावित्रीबाई व ज्योतिबा फुले के संघर्षो के बगैर शिक्षा व समाज सुधार क्षेत्र में तरक्की असंभव : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



वर्ष 1848 में महिलाओं के लिए पहला स्कूल खोलकर देश की महिलाओं में शिक्षा की अलख जगाने वाले भारत की प्रथम महिला अध्यापिका सावित्रीबाई फूले और शिक्षा के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले ने महिलाओं की स्थिति सुधारने एवं उन्हें स्वयं की पहचान दिलाने के लिए जीवनपर्यंत संघर्ष किया। दोनों के संघर्ष से युवा पीढ़ी को अवगत करवाने के लिए शहर में उनकी प्रतिमा का होना बहुत जरूरी है। इसी कड़ी में नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में सावित्रीबाई फूले व महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा स्थापित करवाने तथा प्रदेश के प्रत्येक शहर में चौक का नामकरण करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के चीफ मीडिया कोर्डिनेटर सुदेश कटारिया के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपते हुए कही। संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी ने कहा कि शिक्षा बोर्ड ज्योतिबा फूले व सावित्रीबाई फूले की प्रतिमा स्थापित करने, प्रत्येक शहर में चौक का नामकरण, प्रदेश के सभी स्कूलों में दोनों की तस्वीरें लगाने के अलावा पाठ्यक्रम में उनकी जीवनी शामिल की जाए, ताकि समाज में उनकी स्मृति एवं योगदान की पहचान बनी रहे। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई और ज्योतिबा फुले ने शिक्षा एवं समाज सुधार के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया है। शिक्षा एवं समानता के क्षेत्र में आज देश जिस ऊंचाई पर है, वह फूले प्रयासों के बिना असंभव होता, इसलिए उनका सम्मान करना और नई पीढ़ी को उनके महान कार्यो से परिचित करवाना अति आवश्यक है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर ओमकार सैनी, इंजीनियर सुरेश सैनी, संदीप, रविंद्र, मुकेश, सुनील बौंदिया, विजय सैनी, दीपेंद्र प्रधान, कृष्ण सैनी प्रधान, बॉबी खट्टर आदि मौजूद रहे।